Administrative Order-2024

कार्यालय जिला न्यायाधीश, महराजगंज

प्रशासनिक आदेश संख्या– 60. /2024

आदेश

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के पत्र संख्या–4768/Admin(E-I) SectionXC-27/ Dated: Allahabad: 10.04.2024 द्वारा सामान्य निर्वाचन लोक सभा–2024 हेतु, जिला–महराजगंज में सातवें चरण अर्थात दिनांक 01–06–2024 (शनिवार) को मतदान होने के कारण सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।

अतः, माननीय उच्च न्यायालय के निर्देश के अनुपालन में, सामान्य निर्वाचन लोक सभा–2024 हेतु, जिला–महराजगंज में दिनांक 01–06–2024 (शनिवार) को मतदान होने के कारण जिला न्यायालय, महराजगंज के अन्तर्गत क्रमशः (1) मुख्यालय स्थित न्यायालयों (2) बाह्य स्थित न्यायालयों, फरेन्दा, महराजगंज (3) ग्राम न्यायालय, तहसील–निचलौल, महराजगंज एवं (4) ग्राम न्यायालय, तहसील–नौतनवा, महराजगंज में दिनांक 01–06–2024 (शनिवार) को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है।

दिनांक 01–06–2024 (शनिवार) को पूर्व नियत समस्त वादों को अगले कार्य दिवस में सुनवाई हेतु लिया जाएगा तथा गिरफ्तार किये गए अभियुक्तगण का रिमाण्ड, अवकाश/छुट्टियों की अवधि में होने वाली सामान्य प्रक्रिया के अन्तर्गत मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, महराजगंज द्वारा अधिकृत रिमाण्ड मजिस्ट्रेट द्वारा किया जाएगा।

नोडल अधिकारी (कम्प्यूटर) द्वारा, इस आदेश की प्रति को, सर्वसाधारण के सूचनार्थ इस न्यायिक अधिष्ठान की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रदर्शित कराया जाय।

तदनुसार सर्व सम्बन्धित को सूचित किया जाय।

22.04.24

दिनांकः 22–04–2024

जिला न्यायाधीश,
महराजगंज।

प्रतिलिपिः सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– प्रधान न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय, महराजगंज।
2– पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, महराजगंज।
3– जिलाधिकारी, महराजगंज।
4– पुलिस अधीक्षक, महराजगंज।
5– अधीक्षक, जिला कारागार, महराजगंज।
6– समस्त न्यायालयों के पीठासीन अधिकारीगण/अनुभागों के प्रभारी अधिकारीगण तथा कर्मचारीगण को सूचनार्थ परिचालित करने हेतु।
7– नोडल अधिकारी (कम्प्यूटर) को जिला न्यायालय, महराजगंज की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रदर्शित कराने हेतु।
8– जिला सूचना अधिकारी, महराजगंज को सर्वसाधारण के सूचनार्थ यथासम्भव सभी दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन कराने हेतु।
9– अध्यक्ष/महामंत्री, सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन, महराजगंज।
10– अध्यक्ष/महामंत्री, सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन, फरेन्दा, महराजगंज।
11– सर्वसाधारण के सूचनार्थ अधिष्ठान के सूचना–पट्ट पर प्रदर्शित किए जाने हेतु।

दिनांकः 22–04–2024

प्रभारी मुख्य प्रशासनिक अधिकारी,
जिला न्यायालय, महराजगंज।